# मध्य प्रदेश में चौथे चरण की 8 सीट, 11 फॉर्म रिजेक्ट

उमेश्वरी त्रिवेदी

- इंदौर में सबसे ज्यादा 3 नामांकन निरस्त; नाम वापसी के बाद तय होगी प्रत्याशियों की संख्या
- चुनाव आयोग की वेबसाइट में नामांकन पत्रों के रिजेक्ट करने की जो जानकारी दी गई है

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में चौथे चरण के लिए भरे गए नामांकन के बाद स्क्रूटनी में 11 प्रत्याशियों के नामांकन फार्म रिजेक्ट किए गए हैं। इसमें सबसे अधिक 3 नामांकन इंदौर लोकसभा सीट से रिजेक्ट हुए हैं। जिनके नामांकन रिजेक्ट हुए हैं उनमें से अधिकांश कांग्रेस के प्रत्याशी हैं जो डमी कैंडिडेट के रूप में नामांकन प्रक्रिया में शामिल हुए थे।

रतलाम से कांग्रेस के उम्मीदवार कांतिलाल भूरिया के बेटे और विधायक कांतिलाल भूरिया ने भी नामांकन भरा था। कांतिलाल भूरिया का नामांकन सही पाए जाने के चलते विक्रांत के दो नामांकन फॉर्म रिजेक्ट किए गए हैं।

शुक्रवार को नामांकन पत्रों की जांच के दौरान जिन प्रत्याशियों के नामांकन खारिज किए गए हैं, उनमें मंदसौर में नंदकिशोर पटेल इंडियन नेशनल कांग्रेस, अमन अग्रवाल अखिल भारतीय परिवार पार्टी, रतलाम में रामेश्वर सिंगार, वर्धमान डामोर जय प्रकाश जनता दल, विक्रांत भूरिया इंडियन नेशनल कांग्रेस, देवास लोकसभा सीट से बने सिंह अष्टाया इंडियन नेशनल कांग्रेस, उज्जैन में पुष्पेंद्र सूर्यवंशी पीपुल्स पार्टी आफ इंडिया डेमोक्रेटिक, दीपिका सुरेंद्र मरमट इंडियन नेशनल कांग्रेस, खरगोन में अनिल दरबार रावत इंडियन नेशनल कांग्रेस के नामांकन



रिजेक्ट किए गए हैं।

चुनाव आयोग की वेबसाइट में नामांकन पत्रों के रिजेक्ट करने की जो जानकारी दी गई है उसके अनुसार इंदौर संसदीय क्षेत्र के उम्मीदवारों में सुनील तिवारी (निर्दलीय), रविद्र लोखंडे (निर्दलीय), मोती सिंह (इंडियन नेशनल कांग्रेस) और लीलाधर (इंडियन नेशनल कांग्रेस) के नामांकन शामिल हैं। इनमें से कुछ ऐसे प्रत्याशी भी हैं जिनके नामांकन सही थे लेकिन कांग्रेस की ओर से अधिकृत प्रत्याशी का नामांकन भरा होने के कारण उसे वापस लेने के चलते रिजेक्ट किया गया है।

**इंदौर में कांग्रेस प्रत्याशी के नामांकन पर बीजेपी की आपत्ति :** उधर इंदौर लोकसभा सीट के ही कांग्रेस प्रत्याशी अक्षय कांति बम के नामांकन फॉर्म को रिजेक्ट करने के लिए बीजेपी ने आपत्ति लगाई थी। पहली आपत्ति में अक्षय कांति बम पर लंबित आपराधिक प्रकरण में बढ़ाई धारा 307 को जानबूझकर छुपाने का आरोप लगाया गया था। बीजेपी की आपत्ति के खिलाफ कांग्रेस के वकील ने तर्क रखे। प्रत्याशी की ओर से इंदौर जिला कांग्रेस लीगल सेल के जिला अध्यक्ष रवींद्र कुमार पाठक ने जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष जानकारी दी।

पाठक ने कहा कि 24 अप्रैल 2024 को कांग्रेस प्रत्याशी द्वारा शपथ पत्र प्रस्तुत किया गया था उसी दिन कोर्ट द्वारा प्रथम दृष्टया 307 आईपीसी पाया जाना उल्लेखित कर प्रकरण सत्र न्यायाधीश को अंतरित किया है जिसमें मई माह में चार्ज लगाया जाना है। इस आधार पर आज तक प्रत्याशी पर कोई चार्ज 307 आईपीसी का नहीं हैं।

### वोटिंग की रिपोर्ट लेने फील्ड अफसरों से संवाद

**भोपाल।** लोकसभा चुनाव के पहले चरण में हुई कम वोटिंग के बाद चुनाव आयोग के अफसर दूसरे फेज में अधिक वोटिंग के लिए पब्लिक से अपील करने के साथ अफसरों को भी मोटिवेट करते रहे।26 अप्रैल को मतदान के दिन मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने इसी के चलते सेक्टर अधिकारियों से वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए सीधे बातचीत करके मतदान और अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी भी ली। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से शुक्रवार को सीधा संवाद करते हुए सीईओ अनुपम राजन से कई सेक्टर अधिकारियों से सीधा सवाल किया।

## संक्षिप्त समाचार

### राहुल गांधी 30 अप्रैल को भिंड आएंगे, 2 मई को मुरैना में प्रियंका गांधी का रोड शो



**भोपाल।** कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक ने बताया कि राहुल गांधी 30 अप्रैल को मध्यप्रदेश दौरे पर रहेंगे। वे भिंड में कांग्रेस प्रत्याशी फूल सिंह बरैया के समर्थन में जनसभा को संबोधित करेंगे। 2 मई को प्रियंका गांधी मुरैना आएंगी। वे मुरैना में कांग्रेस कैंडिडेट सत्यपाल सिंह सिकरवार के समर्थन में रोड शो करेंगी। छत्तीसगढ़ के गरियाबंद में चुनाव ड्यूटी के दौरान एक जवान ने सर्विस राइफल से गोली मारकर खुदकुशी कर ली। जवान जियालाल पंवार मध्य प्रदेश का रहने वाला था और 34वीं बटालियन ए कंपनी में पदस्थ था। उसे मध्य प्रदेश से चुनाव ड्यूटी में भेजा गया था। वह यहां पीपरछेड़ी के कूड़ेरादादर प्राथमिक स्कूल में रुका था।

### चले लाठी डंडे, भाई ने किया लहूलुहान

**फिरोजाबाद, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)।** नगला खंगर थाना क्षेत्र के गांव भदान में एक चिता पर जमकर लाठी डंडे चले। जिससे दाह संस्कार में पहुंचे लोगों में भगदड़ मच गई। घायल का पुलिस ने मेडिकल कराया है।भदान निवासी शिव सहाय (70) की बीमारी के चलते मृत्यु हो गई। परिजन शव को लेकर खेत पर पहुंचे। चिता को छोटे भाई के खेत पर रख दिया और वहीं पर दाहसंस्कार की व्यवस्था करने लगे। इस पर मृतक के छोटे भाई रामप्रसाद ने विरोध किया। जिसको लेकर शिव सहायक के लड़कों ने उसकी पिटाई कर दी। मारपीट होते ही शव के साथ पहुंचे ग्रामीणों में भगदड़ मच गई। चीख पुकार मचने से गांव में सनसनी फैल गई। कुछ सभ्रांत ग्रामीणों ने मामले को शांत कराया और शव को शिव सहाय के खेत पर चिता बना कर अंत्येष्टि कराई। घटना की जानकारी होते ही थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने घायल रामप्रसाद का मेडिकल कराया है। इस संबंध में नगला खंगर प्रभारी का कहना है। कि दो भाइयों में विवाद हो गया था। जिसमें एनसीआर दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

### मतदान ड्यूटी से अनुपस्थित कर्मचारियों के विरुद्ध होगी कार्यवाई

**बिजनौर, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)।** प्रथम चरण के लोक सभा चुनाव में मतदान ड्यूटी से अनुपस्थित 250 मतदान कार्मिकों को जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल के निर्देश के क्रम में मुख्य विकास अधिकारी /प्रभारी अधिकारी ( कार्मिक) पूर्ण बोरा द्वारा विभिन्न विभागों के कर्मचारियों की ड्यूटी चुनाव कराने के लिए लगाई गई थी किंतु मतदान ड्यूटी से नदारत रहने पर कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिसए निर्गत करते हुए उनका स्पष्टीकरण मांगा गया।यदि नियत समय पर अनुपस्थित कार्मिकों द्वारा साक्ष्य सहित अपना स्पष्टीकरण नही दिया जाता है,तो उनके विरुद्ध विभागीय कार्यवाही के साथ साथ लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत FIR दर्ज कराई जाएगी।

### आबकारी निरीक्षकों ने कच्ची शराब बरामद की

**फर्रुखाबाद, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)।** आबकारी आयुक्त, के आदेश एवं जिलाधिकारी, डॉ बीके सिंह के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी जीपी गुप्ता के पर्यवेक्षण में विशेष प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत आज जनपद के आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-1, क्षेत्र 2 एवं क्षेत्र 3 मय स्टाफ द्वारा संदिग्ध ग्राम/अड्डों पर दबिश दी गई।दबिश के दौरान लगभग 140 किलोग्राम लहन नष्ट किया गया।कुल 35 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर 2अभियोग पंजीकृत किए गये आबकारी दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया।स्टाक रजिस्टर, कैमरा का परीक्षण किया गया।

## ईवीएम-वीवी पैट की कमीशनिंग के समय मौजूद रहें प्रत्याशी

**बदायूँ, 26 अप्रैल (तरुणमित्र)।** अपर जिलाधिकारी (वि.रा), उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. वैभव शर्मा ने जानकारी देते हुए अवगत कराया है कि लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के परिपेक्ष्य में आयोग के निदेर्शानुसार ई.वी.एम. वी.वी पैट के द्वितीय रैण्डमाईजेशन 24 अप्रैल के उपरान्त ई.वी.एम.-वी.वी.पैट की विधानसभा मतदेय स्थलवार (विधानसभा 112-बिसौली (अ.जा.) , 113-सहसवान, 114-बिल्सी, 115-बदायूँ 116-शेखूपुर, 117-दातागंज) छंटाई के बाद ई.सी.आई.एल. के इंजीनियर की उपस्थिति में सम्बन्धित एआरओ द्वारा कमीशनिंग/मॉकपोल आदि का कार्य 27 अप्रैल को प्रातः 10 बजे से प्रारम्भ कर कार्य की समाप्ति तक किया जायेगा।

## आज उपलबध कराएं मतदान अभिकर्ताओं की सूचना

**बदायूं, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)।** जिला मजिस्ट्रेट, जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के आदेश के द्वारा 85 प्लस व पीडब्ल्यूडी मतदाताओं को डाकमत की सुविधा प्रदान की गई है, इस क्रम में 23 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र बदायूँ की समस्त विधानसभाओं के अन्तर्गत समस्त 85 प्लस व पीडब्ल्यूडी मतदाताओं को फार्म 12डी का वितरण किया गया है, जिसकी सूची एआरओ द्वारा प्रारुप-9 पर प्रमाणित करते हुए रिटर्निंग आफीसर 23 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र बदायूँ को उपलब्ध करायी गई है।

उन्होंने बताया कि रिटर्निंग आफीसर 23 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र बदायूँ द्वारा प्रारुप 12 पर हस्ताक्षर करते मतदान हेतु 85 प्लस व पीडब्ल्यूडी मतदाताओं की सूची तैयार कर ली गयी जिसके आधार पर 29 व 30 अप्रैल को मतदाताओं के घर घर जाकर पोलिंग पार्टियों द्वारा मतदान की कार्यवाही सम्पन्न करायी जायेगी।

उन्होंने लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 23-बदायूँ व 24-आंवला के समस्त अभ्यर्थियों को 85 प्लस व पीडब्ल्यूडी मतदाताओं की तैयार की गई मतदाता सूची को प्रेषित करते हुए कहा कि वह 29 अप्रैल व 30 अप्रैल के मतदान हेतु निर्धारित प्रपत्र पर अपने मतदान अभिकर्ता नियुक्त करते हुए उसकी सूचना 27 अप्रैल तक समय मध्यान्ह 12 बजे उपलब्ध करा दें।

## मतदान के दिन न मनाएं छुट्टी, अवश्य करें मतदान

**बदायूँ, 26 अप्रैल (तरुणमित्र)।** राजकीय महाविद्यालय में मतदान के प्रति जागरूकता लाने के लिए मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें शहर के महाविद्यालय, इण्टर कालेज द्वारा प्रतिभाग किया गया। मेंहदी प्रतियोगिता में सामान्य प्रेक्षक केके सुदामाराव, पुलिस प्रेक्षक डा. प्रियंका नरवररे, व्यय प्रेक्षक आर कुमारन, अपर जिलाधिकारी (प्र.) रेनू सिंह द्वारा आर्कषक मेंहदी डिजाइन का अवलोकन कर उसे सराहा गया व सभी को मतदान करने की शपथ भी दिलाई गई।



कार्यक्रम में सामान्य व्यय प्रेक्षक केके सुदामा राव ने कहा कि मतदान के दिन छुट्टी न मनाएं। खुद भी मतदान करें और आस-पास के लोगों को भी मतदान करवाएं। पुलिस प्रेक्षक डा. प्रियंका नरवररे ने कहा कि कला से बड़ा कोई हुनर नहीं होता है। जब भी कोई बात कला के माध्यम से कही जाती है तो वह लोगों के जहन पर लंबे समय तक असर करती हैं। सशक्त लोकतंत्र के निर्माण में समाज के सभी लोगों को मतदान करना चाहिये। व्यय प्रेक्षक आर कुमारन ने कहा कि मतदान करने की सिर्फ सोचने से काम नहीं चलेगा। हमें संकल्प लेना होगा कि मतदान स्वयं तो करना ही है, साथ ही अन्य लोगों को भी जागरूक करते हुए उन्हें भी मतदान करवाना है। अपर जिलाधिकारी (प्र.) रेनू सिंह ने छात्रों के उत्साह और समर्पण की सराहना की। उन्होंने कहा कि मेहंदी कला प्रतियोगिता ने चुनावी प्रक्रिया के साथ समझ और जुड़ाव को गहरा करने के लिए एक रचनात्मक मंच के रूप में कार्य किया, जो जिम्मेदार मतदान के माध्यम से राष्ट्र के भविष्य को आकार देने में प्रत्येक व्यक्ति के योगदान के महत्व को सुदृढ़ करता है।

### आईवीआरआई में विश्व पशु चिकित्सा दिवस आज

**बरेली, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)।** भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान दिनांक 27 अप्रैल को विश्व पशु चिकित्सा दिवस का आयोजन कर रहा है जिसमें पशु कल्याण से सम्बन्धित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। इस अवसर पर दिनांक 27 अप्रैल को संस्थान के रेफरल वेटनरी पॉलीक्लीनिक में प्रातः 9बजे से 12:30 बजे तक श्वानों को मुफ्त एन्टी रैबीज टीका लगाया जायेगा। कार्यक्रम सम्बन्धी जानकारी देते हुए संस्थान के डा. अमरपाल, प्रभारी रेफरल पोलिक्लीनिक ने बताया की दिनांक 26 अप्रैल को सांय 5 बजे संस्थान के समविश्वविद्यालय से विश्व पशुचिकित्सा दिवस की पूर्व संध्या पर छात्रों द्वारा जागरूकता मिशन पदयात्रा का आयोजन किया गया तथा पोस्ट ग्रेजुएट/पीएचडी छात्रों के लिए क्लिनिकल केस प्रतियोगिता का आयोजन तथा बीवीएससी के चतुर्थ वर्ष के छात्रों के लिए ग्रुप प्रेसेंटेसेशन तथा प्रथम द्वितीय तथा तृतीय छात्रों के किए वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । इस अवसर पर डॉ अभिजीत पावड़े, डॉ. मिराज हेदर खान, डॉ. एस. के. घोष , डॉ एस के महरोत्रा, डॉ. रेखा पाठक, डॉ रजत गर्ग, डॉ उज्जल कुमार डे, डॉ महेन्द्रन, डॉ अभिषेक सक्सेना डॉ. रोहित कुमार आदि उपस्थित रहे ।

## रंगोली, मेहंदी,पोस्टर प्रतियोगिता की स्पर्धा से मतदान का कराया संकल्प

**फिरोजाबाद, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)।** सखी क्लब के समन्वय से शुक्रवार को फिरोजाबाद विधानसभा कस्तूरबा गर्ल्स इंटर कॉलेज में विद्यालय स्तरीय मेहंदी एवं रंगोली प्रतियोगिता,पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया प्रतियोगिताओं में स्कूल की छात्राओं ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया।मतदाता जागरुकता सम्बन्धी नारे लिखकर,भारत निर्वाचन आयोग के प्रतीक चिन्ह की आकृतियां बनाकर आगामी सात मई को मतदान आवश्यक रूप से करने का संदेश दिया।रंगोली व मेहंदी प्रतियोगिता में महिलाओं व बालिकाओं ने लोकतंत्र की यह पहचान 100 प्रतिशत हो मतदान, मतदान मेरा अधिकार,मतदान हमारी जिम्मेदारी,लोकतंत्र की जान आपका मतदान,सारे काम छोड़ दो-सबसे पहले वोट दो,हाथों में मेहंदी लगाकर वोट डालने जाना है,अपना फर्ज निभाना,मतदाता सूची में मैं हूं ना,जैसे नारे लिखकर मतदान के लिए मतदाताओं को प्रेरित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ईएलसी के सहायक नोडल अधिकारी हिमांशु शर्मा ने बताया कि जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ निशा अस्थाना के निर्देशन पर सभी माध्यमिक विद्यालयों में प्रोग्राम आयोजित किये जा रहे हैं। लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व में प्रतिभाग करने का जोश छात्राओं में भी पूरी तरह से नजर आया।प्रतियोगिता में छात्राओं ने बड़- चढ़कर हिस्सा लिया और मेहंदी से हाथों पर मतदान करने का संदेश हाथों पर जागरूकता की खातिर डिजाइन उकेरे ने।

## ग्राम शादीपुर में आयोजित हुआ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

**फिरोजाबाद, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)।** मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप के अंतर्गत शुक्रवार को विधानसभा जसराना के ग्राम शादीपुर में मतदाता जागरूकता संगोष्ठी व रैली का आयोजन किया गया।कम्पोजिट विद्यालय शादीपुर के छात्रों,शिक्षकों, अभिभावकों व ग्रामवासियों ने कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। छात्र आकाश ने मेरा वोट मेरा अधिकार विषय पर भाषण देकर सभी को मतदान का संदेश दिया।। छात्रा शिवानी ने आओ नैतिक मतदान करें विषय पर अपने विचार व्यक्त किये।बच्चों ने मां बेटी और सास बहू चले बूथ की ओर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया।। विधानसभा जसराना स्वीप ब्रांड एम्बेसडर सुमन राजपूत ने हरी झंडी दिखाकर मतदाता जागरूकता रैली को रवाना किया।। उम्र अठारह पूरी है वोट देना जरूरी है।। हम सबने यह ठाना है शत-प्रतिशत मतदान कराना है नारे लगाते हुए प्रभात फेरी निकाली गई।।

रैली के दौरान शिक्षकों ने ग्रामवासियों से अपील की कि सात मई को पोलिंग बूथ पर पहुंचकर मतदान अवश्य करें। बीएलओ अमित कुमार गुप्ता ने कहा कि गांव में शत प्रतिशत मतदान हेतु लोगों को जानकारी दी जा रही है।। इस अवसर पर महिला मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से ब्रांड एम्बेसडर सुमन राजपूत ने आओ सखी मतदान करें अभियान की शुरूआत की।। इस अभियान के अंतर्गत अठारह से बीस वर्ष की बालिकाओं की समिति गठित की और उनको ज़िम्मेदारी दी गई कि गांव में सभी महिला,बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाताओं को सात मई को पोलिंग बूथ पर पहुंचने में सहयोग करें।अंत में सभी ग्रामवासियों को शपथ दिलाई गई।सुमन राजपूत ने बताया कि प्रभारी नोडल अधिकारी स्वीप फिरोजाबाद एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार पाण्डेय के निर्देशन में सभी शिक्षक अपने सेवित क्षेत्र में निरन्तर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक कर रहे हैं।इससे निश्चित ही लोकसभा सामान्य निर्वाचन में मतदान प्रतिशत में वृद्धि होगी। इस दौरान हस्ताक्षर अभियान चलाया गया जिसमें सभी ग्रामवासियों ने हस्ताक्षर कर शत प्रतिशत मतदान का संकल्प लिया।कार्यक्रम का संचालन जयराज सिंह ने किया। प्रधानाध्यापक अवनीश कुमार ने सभी का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में अवनीश कुमार,अमित कुमार, श्यामसुंदर, जयराज सिंह,सुधा,नीलम यादव, आशीष चंदेल,आरती व्यास, किरन, नगेंद्र सिंह, गुरदयाल सिंह, विक्रम सिंह,नवल किशोर, संजेश, रनवीर, पूजा, गिरंद सिंह, सुनील, संजीव,कमला देवी,मीरा देवी,गुड्डी देवी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### अवैध सम्बन्धों के चलते युवक की हत्या

**फिरोजाबाद, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)।** थाना एका के नगला मान्धाती के रहीस पाल का 25 वर्षीय बेटा राजीव उर्फ रासू का पड़ोस में रहने वाले मनीष की पत्नी शिवानी से प्रेम प्रसंग चल रहा था। जिसकी जानकारी परिजनों को हो गई, कई बार मारपीट कर समझाने की कोशिश की परन्तु वह नहीं माना, गुरुवार को सुबह 9:00 बजे के बाद रासू अपने घर से निकला तो आरोपी उसके पीछे पड़ गये। नहर पुल के पास बने मंदिर से खेतों की तरफ गीगना जहांनपुर रोड पर फोन करते हुए भाग रहा था, तभी आरोपियों ने पीछे से मैक्स से जबरदस्त टक्कर मारी दी जिससे रासू की मौके पर ही मौत हो गई। इतने पर भी आरोपियों को विश्वास नही रहा कि कहीं जिंदा ना रह जाये, और गाड़ी को मोड़कर फिर से मृतक के ऊपर चढ़ाते हुए पीड़ित पुल की तरफ से भाग गये। मौके पर थाना एका थाना जसराना के साथ क्षेत्राधिकारी सिरसागंज अरुण कुमार भारी फोर्स साथ पहुंचे। ग्रामीण मौके पर डीएम एसपी को बुलाने की मांग कर रहे थे, क्षेत्राधिकारी सिरसागंज ने समझा बुझाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

## 100 प्रतिशत पर्चियां का वितरण सुनिश्चित करें -प्रेक्षक

**फर्रुखाबाद , 26 अप्रैल (तरूणमित्र)।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत कलेक्ट्रेट सभागार फतेहगढ़ में सामान्य प्रेक्षक दीपक कुमार मीना, पुलिस प्रेक्षक बी जुगल किशोर कुमार व व्यय प्रेक्षक श्री श्रीनिवास राव वाना द्वारा जिलाधिकारी डॉ0 वी0के0सिंह व पुलिस अधीक्षक विकास कुमार की उपस्थिति में सभी प्रभारी अधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया, प्रेक्षक द्वारा निर्वाचन क्षेत्र के सभी पोलिंग बूथों की संख्या, सखी बूथ, युवा बूथ, दिव्यांग बूथों की जानकारी प्राप्त की गई, प्रेक्षक द्वारा निर्देशित किया गया कि यह सुनिश्चित कर लिया जाये कि सभी मतदान केंद्रों पर बॉउंड्रीबाल हो, सभी बूथों पर छाया व पीने के पानी की व्यवस्था हो सभी ए आर ओ यह सुनिश्चित करे कि किसी भी बूथ पर कोई समस्या न हो, प्रेक्षक




द्वारा सखी बूथ बढ़ाने के लिए निर्देशित किया गया व मतदान पर्ची का 100 प्रतिशत वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए, सभी प्रभारी अधिकारियो को प्रतिदिन निर्धारित प्रारूप पर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया गया।

जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि सभी बूथों को क्रॉस चेक करने के निर्देश दिए गये है ,जिलाधिकारी द्वारा स्वय लगभग 125 बूथों का निरीक्षण किया गया है, प्रेक्षक द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी सीजर एक सप्ताह में निस्तारित करे, सभी वरनेविल व क्रिटिकल बूथों की जानकारी प्रेक्षक द्वारा प्राप्त की गई एवं अभी तक पुलिस द्वारा की गई कार्यबाही की जानकारी प्राप्त की गई ,सभी विधानसभा क्षेत्रों में एस एस टी व एफ एस टी टीमो द्वारा की जा रही कार्यवाही की जानकारी प्राप्त की गई इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी व संवंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### हत्यारोपी अभियुक्त गिरफ्तार

**फिरोजाबाद, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)।** थाना एका पुलिस ने युवक की गाड़ी से कुचलकर हत्या के मामले में एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसे जेल भेजा है। पुलिस ने फरीदा मोड़ से हत्या के अभियुक्त को पकड़ा है। पुलिस को देख उसने भागने का प्रयास किया था।पुलिस कर्मियो ने दौड़ कर उसे पकड़ लिया। अभियुक्त का नाम विजय सिंह पुत्र ओसपाल है। वह नगला मानधाती का रहने वाला है। विजय ने नगला मंधाती में राजीव उर्फ राशू की अपने परिजनों के साथ मैक्स गाड़ी से कुचलकर हत्या कर दी थी। आरोपियों की गिरफ्तारी को 2 टीमों का गठन किया गया था। अभियुक्त विजय ने पुलिस को बताया राजीव उर्फ राशू के उसके भाई मुनीश की पत्नी से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। राजीव को कई बार समझाया कि उसकी पत्नी से दूर रहे लेकिन वह नहीं माना। राजीव गांव के प्रोग्राम में मुनेश की पत्नी के साथ 23 अप्रैल को डीजे पर नाच रहा था।

## दाऊदयाल महाविद्यालय में हुआ मिस फ्रेसर फेयरवेल कार्यक्रम

**फिरोजाबाद, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)।** में गुरुवार को महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा सामूहिक रूप से फ्रेशर - फेयरवेल कार्यक्रम आयोजित किया गया ।

कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था की प्राचार्या प्रो रेनू वर्मा एवं साथी शिक्षिकाओं द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया । तत्पश्चात शिक्षिकाओं द्वारा माँ शारदे के चरणों में पुष्पार्पण के साथ ही छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना का गायन किया गया । कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए स्नातकोत्तर की छात्रा सोनी द्वारा मनमोहक नृत्य और छात्रा आरुषि द्वारा आनंदित करने वाले गीतों को प्रस्तुत किया गया ।

कार्यक्रम की अगली श्रृंखला में नवागंतुक छात्राओं के मध्य मिस फ्रेशर के चुनाव हेतु विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई जिसके प्रथम द्वितीय व तृतीय चरण में क्रमशः परिचयात्मक रैंपवॉक, रुचिकर कार्य का प्रदर्शन व सामान्य ज्ञान के प्रश्नों को चुनाव का आधार बनाया गया । इन तीनों चरणों की प्रतियोगिता को पार कर महाविद्यालय की छात्रा अंजली मिस दाऊ दयाल बनी । फ्रेशर प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डॉ शमा बी, सुश्री नम्रता वर्मा व डॉ सरिता रानी की मुख्य भूमिका रही।

फ्रेशर प्रतियोगिता की समाप्ति के उपरांत महाविद्यालय की छात्रा दिव्या दक्ष द्वारा ऊर्जस्वित गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया गया । कार्यक्रम की अंतिम कड़ी में मिस फेयरवेल के चुनाव के लिए तीन चरणों की प्रतियोगिता पूर्व में आयोजित फ्रेशर चुनाव के आधार पर ही रखी गई । इसमें महाविद्यालय की छात्रा 'महक जैन' मिस फेयरवेल चुनी गईं।

## माई बूथ बरेली एप से मतदाताओं को हो रही सुविधा

- अब तक 35,000 से अधिक मतदाताओं ने किया माई बूथ एप डाउनलोड
- एक ही क्लिक पर जान सकेंगे अपने चुनाव सेंटर का हाल

**बरेली, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में मतदाताओं के प्रतिभाग को बढ़ाने हेतु मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल की प्रेरणा और जिलाधिकारी बरेली रविन्द्र कुमार के सतत मार्गदर्शन में एनआईसी टीम बरेली द्वारा एक मोबाइल एप्लीकेशन माई बूथ बरेली बनाई गई है, जिसमें मतदाताओं की सुविधा हेतु कई फैसिलिटी दी गई है। इस ऐप के द्वारा बरेली जनपद में आने वाले तीन लोक सभा क्षेत्र 24-आंवला, 25-बरेली व 26-पीलीभीत के बहेड़ी क्षेत्र के मतदान बूथ के लोकेशन, संबंधित बी0एल0ओ0 के बारे में जानकारी, मतदान की तिथि और मतदान के दिन बूथ पर कतार में लगे लोगों की संख्या जानी जा सकती है। इस एप्लीकेशन में गूगल मैप की सहायता से बूथ तक पहुंचने का मार्ग दर्शाने की भी सुविधा है। मतदान के दिन किसी भी समय पर लाइन में खड़े मतदाताओं की संख्या भी इस एप्लीकेशन द्वारा पता लग जाएगी, जिससे मतदाता अपनी सुविधा के अनुसार वोट डालने जा सकते हैं और बिना लंबी प्रतीक्षा किए वोट डालकर तुरंत वापस आ सकते हैं। शुरू में जिलाधिकारी बरेली रविन्द्र कुमार द्वारा जनपद



बरेली के शहरी क्षेत्र में वोटिंग परसेंटेज बढ़ाने हेतु यह ऐप बनाने की पहल की गई थी क्योंकि बरेली नगर निगम क्षेत्र में आने वाले दो विधान सभा क्षेत्र यानी बरेली सिटी और बरेली कैण्ट विधान सभा क्षेत्र में पूर्व के चुनाव में वोटिंग परसेंटेज लगभग 51 प्रतिशत रहा है, जो कि जिले के औसत वोटिंग परसेंटेज 61 प्रतिशत से काफी कम है, लेकिन बाद में जिलाधिकारी द्वारा यह सेवा पूरे जनपद के लिये लागू करने का निर्णय लिया गया।

जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद के अधिकतर क्षेत्रों में मतदान 7 मई 2024 को है, जब अन्य वर्षों की तरह इस वर्ष भी मई में कड़ाके की धूप और काफी गर्मी रहने की संभावना है। वैसे गर्म मौसम में मतदाता विशेषकर शहरी क्षेत्र के मतदाता बूथ पर ज्यादा समय प्रतीक्षा नहीं करना चाहते हैं और यही सोचकर वोट डालने नहीं आते हैं। ऐसे तो जिला प्रशासन द्वारा हर एक बूथ पर शेड की व्यवस्था की गई है लेकिन उसके अलावा अब इस ऐप के माध्यम से अब मतदाता को यह पता लग जाएगा कि उनके बूथ पर मतदान के दिन उस समय कितने लोग वोट देने के लिए कतार में खड़े हैं, जिससे मतदातागण अपनी सुविधानुसार उस समय घर से निकलेंगे, जब बूथ पर लंबी कतार खत्म हो जाएगी। कोई अन्य सूचना के लिये या शंका होने पर ऐप में दिये गये बी0एल0ओ0 के मोबाइल नंबर पर फोन करके पूछ लेंगे। इससे मतदान में अवश्य ही मतदाता का प्रतिभाग बढ़ेगा, जो कि माननीय भारत निर्वाचन आयोग की मंशा है।

इस ऐप के डेटाबेस में जनपद बरेली के समस्त 3492 बूथ के विधानसभा वार विवरण जैसे- बूथ संख्या और नाम, बूथ का अक्षांश-देशांतर में लोकेशन, बूथ के बी0एल0ओ0 का नाम और मोबाइल नंबर आदि फीड किए गए हैं, जिससे मतदाताओं को सही जानकारी मिल सके।

### फांसी पर झूली विवाहिता,मौत

**फिरोजाबाद, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)।** थाना लाइन पार क्षेत्र के मोहल्ला छारबाग में गुरुवार की रात एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई सूचना पर आये मृतका के पिता ने हत्या का आरोप लगाते हुए सूचना पुलिस को दी पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लेकर आई है छारबाग निवासी 26 वर्षीय रिंकी पत्नी मुन्ने खां की गुरुवार की रात संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगने से मौत हो गई ,जिससे परिवार में कोहराम मच गया इधर सूचना मिलते ही मृतका के पिता आस मोहम्मद निवासी फरिया अपने परिजनों सहित रिंकी के घर पहुंच गये, और उन्होंने हत्या का आरोप लगाते हुए सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लेकर आई है।

### ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार घायल

**बिलग्राम/हरदोइ।** कन्नौज मार्ग छिबरामऊ गांव के पास एक तेज गति से आ रहे ट्रैक्टर ट्राली ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया जानकारी के अनुसार बाइक सवार नेम सिंह 25 वर्ष पुत्र मांगू लाल निवासी ग्राम पैंदापुर जिला कन्नौज अपने गांव से बिलग्राम क्षेत्र के नाऊ पुरवा गांव में रिश्तेदारी में आ रहा था जैसे ही उसकी बाइक छिबरामऊ गांव के पास पहुंची तभी तेज गति से आ रहे ट्रैक्टर ट्राली ने बाइक सवार को टक्कर मार दी ।

